प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 05.11.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- प्रदेश में 254 नए उर्वरक विक्रय केन्द्र होंगे स्थापित, महिलाओं को मिलेगा 35 फीसदी आरक्षण
- प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के उद्देश्य से शुरू हुई वेब आधारित ई-नगर पालिका योजना ।
- लोक आस्था का पर्व छठ आज से शुरू, नहाए खाए से हुई चार दिनों के पर्व की शुरुआत
- प्रदेश में मौसम ने बदली करवट, दिन गर्म तो रातें होने लगी हैं ठंडी।

**मंत्रिमंडल फैसले**

मंत्रि-परिषद द्वारा खरीफ एवं रबी सीजन में 254 नए उर्वरक विक्रय केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया है. इन केन्द्रों की स्थापना करने पर मानव संसाधन पर होने वाली संभावित व्यय की वास्तविक राशि अधिकतम 1 करोड़ 72 लाख रूपये की सीमा तक की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य मंत्रि-परिषद द्वारा आज दी गयी मंजूरी के बाद मध्यप्रदेश सिविल सेवाओं में महिलाओं का आरक्षण 35 प्रतिशत हो गया है।

**बाइट: राजेन्द्र शुक्ल**

मंत्रि-परिषद द्वारा म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी के विद्युत गृह क्रमांक 2 और 3 में स्थापित इकाइयों को रिटायर किये जाने का निर्णय लिया गया।

मंत्रि-परिषद द्वारा चिकित्सा शिक्षकों की कमी को देखते हुए सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष से बढ़ाकर 50 वर्ष करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**ई-नगर पालिका योजना**

प्रदेश में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के उद्देश्य से वेब आधारित ई-नगर पालिका योजना प्रारंभ की गई है। ई-नगर पालिका द्वारा नगरीय निकायों द्वारा समस्त नागरिक सेवाओं, जन शिकायत

सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य प्रणाली, समस्त भुगतान एवं बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनालइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहां प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। ई-नगर पालिका के माध्यम से अभी 22 नागरिक सेवाएं प्रदाय की जा रही हैं। ई-नगर पालिका 2.0 पोर्टल के विकास के लिये 2 वर्ष तथा 5 वर्ष का संचालन और रखरखाव चयनित वेंडर द्वारा किया जायेगा।

## संसद शीतकालीन सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ 26 नवम्बर को संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में मनाई जाएगी।

## रेल व्यवस्था

दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए, रेलवे प्रशासन और रेलवे सुरक्षा बल ने भोपाल और इटारसी रेलवे स्टेशनों पर विशेष सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन रणनीतियों को लागू किया है। इन उपायों का उद्देश्य सभी यात्रियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करना है।

## भोपाल आयुष्मान कार्ड

भोपाल जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 साल से अधिक उम्र के चिकित्सकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई। सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में 50 से अधिक चिकित्सकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत निरामयम कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे सहित वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए। जिले में पहला आयुष्मान कार्ड 30 अक्टूबर को बनाया गया था। अब तक 12 सौ से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं।

## छठ पर्व

लोक आस्था का पर्व छठ आज से शुरू हो रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व के अनुष्ठान की शुरुआत नहाए खाए व्रत के विधान के साथ हुई। छठ पर्व को लेकर प्रदेश में भी श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में लोग पर्व से जुड़े सभी आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। धार्मिक रीतियों के अनुसार पर्व के पहले दिन श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर नहाए खाए का प्रसाद बनाया। पर्व के दूसरे दिन श्रद्धालु खरना का व्रत रखेंगे. इस दौरान छठव्रती गुड या ईख के रस से तैयार खीर और रोटी का भोग लगाकर खरना का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला निराहार उपवास व्रत शुरू हो जाएगा। छठ महापर्व के तीसरे दिन श्रद्धालु डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगे और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे।

## बघेलखंड सम्मान समारोह

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल में बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट द्वारा भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग और राज्य सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले विंध्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। उन्होंने आह्वान किया कि स्वयं के विकास के साथ अपने क्षेत्र का अपने समाज का विकास करने में भी अग्रणी रहें।

## जितेन्द्र सिंह सम्मेलन

भारत अगले महीने श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केन्द्र से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन का प्रक्षेपण करेगा। इसका लक्ष्य सूर्य की परिधि के निकट धुंधले मण्डल का अध्ययन करना है। आज नई दिल्ली में तीसरे भारतीय अंतरिक्ष सम्मेलन को संबोधित करते हुए विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ0 जितेन्द्र सिंह ने आशा प्रकट की कि आने वाले वर्षों में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 2 प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत हो जाएगा। डॉ. सिंह ने गगनयान, 2035 तक भारत अंतरिक्ष केन्द्र के प्रक्षेपण और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री के उतरने, जैसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के आगामी मिशनों पर भी प्रकाश डाला।

## मौसम

प्रदेश में अब धीरे-धीरे सर्दी बढ़ना शुरू हो गई है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई शहरों में दिन तो गर्म हैं परन्तु रातें ठंडी होने लगी हैं। ज्यादातर शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से कम है। अनूपपुर का अमरकंटक और नर्मदापुरम का पचमढ़ी कल सबसे ठंडा है। यहां तापमान 13 डिग्री के नीचे चल रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि नवंबर के दूसरे सप्ताह में उत्तर से ठंडी हवाएं आ सकती हैं। जिससे ठंड का असर और भी बढ़ जाएगा।

## आयकर संशोधन

आयकर अधिनियम की समीक्षा को लेकर आयकर विभाग को पिछले एक महीने के दौरान विभिन्न हितधारकों से साढ़े छः हजार से अधिक सुझाव मिले हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की बजट घोषणा के बारे में विचार विमर्श के लिये बैठक की अध्यक्षता की। वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि आयकर अधिनियम के विभिन्न पक्षों की समीक्षा के लिये 22 विशेषज्ञ उपसमितियां गठित की गयी हैं।

## समाचार संक्षेप में ...

- वनकर्मियों को स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख द्वारा वन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को कल कमेन्डेशन डिस्क और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। समारोह में 46 अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जायेगा।
- पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हाथियों की मृत्यु पर सवाल उठाते हुए, मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच की मांग की है।
- नर्मदापुरम जिले में विधिक सेवा सप्ताह के तहत आज दूसरे दिन वृद्धाश्रम में जागरूकता और स्वास्थ परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया।
- 4. प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की जयंती पर आज कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। और
- नीमच में पशुपालन उप संचालक ने बताया कि पशु पालन विभाग द्वारा इस वर्ष में एक लाख 24 हजार 426 पशुओं में टीकाकरण किया जा चुका है ।

-----------------------------------